## सार-समाचार

### रामगंजमंडी की बेटी गौरांशी उदयपुर में हुई सम्मानित



**रामगंजमंडी,** (निसं)। उदयपुर के सिटी पैलेस में महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं महाराजा डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा महाराणा फतेह सिंह स्पेशल अवार्ड से गौरांशी को सम्मानित किया गया। स्टेज पर गौरांशी के साथ रही उसकी बड़ी मां नीतू शर्मा ने जब डॉक्टर लक्ष्यराज सिंह को यह बताया कि गौरांशी सहित उसके माता-पिता गौरव प्रीति भी बोल सुन नहीं सकते उनके एक ही बेटी है गोरांशी जिसको बरसों की कड़ी मेहनत से इस काबिल बनाया कि आज वह छोटी सी उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतकर तिरंगा लहरा रही है, देश समाज सहित परिवार का मान सम्मान बढ़ा रही है। यह सुन डॉक्टर लक्ष्यराज सिंह ने पूछा की गौरांशी के माता-पिता कहां है तो नीतू ने इशारा करके बताया वह स्टेज के पास ही नीचे अतिथि दीर्घा में बैठे हैं गौरव प्रीति जैसे ही खड़े हुए तो डॉक्टर लक्ष्यराज सिंह ने हाथ जोड़कर सर झुका के उनको स्टेज से ही प्रणाम किया और देर तक उनके लिए तालियां बजाई यह देख वहां बैठे सभी अतिथिगण खड़े हुए और सबने तालियां बजाकर गोरांशी एवं गौरव प्रीति का अभिवादन किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर डॉक्टर लक्ष्यराज सिंह ने गौरांशी सहित समस्त परिवार से मुलाकात की उनकी धर्मपत्नी एवं बच्चों से भी मुलाकात करवाई और सभी ने परिवार सहित फोटो सेशन भी करवाया।

### कोटा प्लेटफार्म पर लावारिस चार बैगो में मिला 48 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा

**कोटा,** (निसं)। जीआरपी पुलिस टीम ने कोटा प्लेटफार्म पर गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए प्लेटफार्म पर लावारिस हालत में मिले चार बैगो से 48 किलो 370 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद किया है। जीआरपी पुलिस उप अधीक्षक शकील अहमद ने बताया कि रेलवे स्टेशन व ट्रेनो में यात्रा के दौरान अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व तस्करों की धरपकड़ के लिये उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्यवाही की जारी है। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि जीआरपी थानाधिकारी सोमेन्द्र कुमार मय जाप्ता प्लेटफार्म पर गश्त व चैकिंग कर रहे थे, गश्त के दौरान कोटा प्लेटफार्म नम्बर एक पर पीलर के चारों और बने चबुतरे पर दो लावारिस डफल बैग व उसके पास दो लावारिस ट्रोली बैग मिले। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर मिले बैगो के मालिक की भी तलाश की लेकिन बैगो का कोई मालिक नही मिलने पर लावारिस हालत में मिले बैगो में विस्फोटक सामग्री होने के संदेह के चलते बैगो में की गई चैकिंग के दौरान चारों बैगो से अवैध मादक पदार्थ 48 किलो 370 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया गया। पुलिस टीम ने मौके पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ से भरे हुए चारों बैगों को जप्त किया, मामले में आरोपियों की तलाश जारी है।

### ई-बाजार पोर्टल संबंधी कार्यशाला

**कोटा,** (निसं)। ई-बाजार पोर्टल के माध्यम से स्टार्ट कंपनियों के उत्पाद एवं सेवाओं की खरीद से संबंधित कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को शहीद हेमू कालानी भवन परिसर स्थित आईस्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेटर सेंटर में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा नवाचार एवं स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए ई-बाजार पोर्टल के उपयोग की प्रकिया से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराना था, ताकि वे अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप पंजीकृत स्टार्टअप कंपनियों से सीधे उत्पाद एवं सेवाओं का कय कर सकें। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों द्वारा ई-बाजार पोर्टल की कार्यप्रणाली, पंजीकरण प्रक्रिया, उत्पाद/सेवाओं के चयन एवं खरीद से संबधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस पहल से न केवल विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं दक्षता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर स्टार्टअप इकोसिस्टम को भी प्रोत्साहन मिलेगा। प्रतिभागियों से अपेक्षा की गई कि वे प्राप्त जानकारी को अपने-अपने विभागों में साझा करें, ताकि अधिकतम स्तर पर इसका लाभ लिया जा सके।

### राजस्थान को जाने विषय पर मौखिक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान दिवस सप्ताह के अंतर्गत 15 से 19 मार्च तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को राजस्थान को जाने विषय पर मौखिक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर प्रतिमा श्रीवास्तव ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के आदेश अनुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत होने वाले प्रश्नोत्तरी हेतु प्रश्न आयुक्तालय द्वारा ही भेजे गए हैं तथा प्रश्नोत्तरी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं के नाम आयुक्तालय भेजे जाएंगे। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में संकाय सदस्य प्रो. नीरजा श्रीवास्तव, प्रो. उत्तरा चंद्रावत, प्रो. नवीन मित्तल, प्रो. सविता गुप्ता, प्रो. अंजू अग्रवाल, प्रो. अजरा अख्तर, रीना कुमारी, मोहित का विशेष योगदान रहा। प्रश्नोत्तरी में हर्षल गौतम बीएससी पंचम सेमेस्टर ने प्रथम, पवन नागर बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय तथा भावना सोनी बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में लगभग 25 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### पेंशन अदालत 27 अप्रैल को

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा विभाग से संबंधित समस्त पेंषनर्स के लिए 27 अप्रेल को क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें विभाग से संबंधित पेंशन संबंधी समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान किया जाएगा। अतिरिक्त निदेशक पूनम मेहता ने बताया कि कोटा सम्भाग के शिक्षा विभाग से संबंधित समस्त पेंशनर्स अपनी परिवेदनाएं 25 मार्च तक अतिरिक्त निदेषक पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग कोटा, संयुक्त निदेशक प्रारम्भिक, माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा कोषाधिकारी, कोष कार्यालय (कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़) के स्तर पर निर्धारित प्रारूप में भरकर दे सकते हैं। पेंशनर्स पेंशन अदालत के लिए परिवेदना आवेदन फॉर्म पेशन राजस्थान वेबसाईट से प्राप्त कर सकते हैं।

### रिटायर्ड रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन ने स्थापना दिवस मनाया

**कोटा,** (निसं)। ऑल इंडिया रिटायर्ड रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन ने मंगलवार को स्थापना दिवस ओर होली मिलन समारोह आयोजित किया। समारोह के मुख्य अतिथि देवी लाल ओर अध्यक्षता गंगापुर सिटी से आएं मोतीलाल रावत ने की। मुख्य अतिथि ने समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके की ओर मंच संचालन आर.डी. कालिया ने किया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए ओर 80 साल से अधिक आयु के साथियों को माला ओर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर साथी शर्मा ओर प्रवीण कुमार शर्मा ने पुराने गाने अपनी सुरीली आवाज में मनमोहक प्रस्तुती दी।

### परीक्षा केंद्र में परिवर्तन

**छबड़ा** (निसं)। अमरचंद राजकुमारी बरड़िया जैन स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर की 18 व 19 मार्च को होने वाली द्वितीय व तृतीय पारी की परीक्षा में कुछ छात्रों के परीक्षा केंद्र में परिवर्तन किया गया है। केंद्राधीक्षक डॉ आर सी मीणा के अनुसार 18 मार्च बुधवार को प्रथम सेमेस्टर की तृतीय पारी 3 बजे 6 बजे तक होने वाली हिंदी साहित्य, रोल नंबर 354471 से 356745 व 25105703 से 26137713 तथा 19 मार्च को तृतीय सेमेस्टर की हिंदी साहित्य के द्वितीय पारी 11 से 2 बजे तक वाली परीक्षा के रोल नंबर 300985 से 362354 व रोल नंबर 25105703 से 25137380 तक छात्रों के परीक्षा केंद्र में परिवर्तन किया गया है।

# हिंदू नववर्ष अभिनंदन के लिए भगवामय हुई कोटा शहर की सड़क



कोटा के इतिहास की सबसे बड़ी मातृशक्ति दुपहिया वाहन रैली, उल्लास और उत्साह के साथ सम्पन्न हुई।

- लगभग दो किमी लंबी वाहन रैली महानगर में 10 किमी से अधिक भ्रमण कर सम्पन्न हुई

**कोटा,** (निसं)। हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर कोटा महानगर में मातृशक्ति की भव्य दुपहिया वाहन रैली उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुई। हजारों की संख्या में माता-बहनों ने स्कूटी और बाइक के साथ भाग लेते हुए हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 का स्वागत किया तथा हिंदू समाज की एकता और संगठन का संदेश दिया।

रैली के रुप में आदिशक्ति देवी स्वरूपा मातृशक्ति महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम नयापुरा में एकत्र हुईं और अग्रसेन चौराहा, लक्की बुर्ज, गीता भवन, गुजराती भवन, गुमानपुरा नहर की पुलिया, रावतभाटा रोड, टीलेश्वर महादेव मंदिर चौराहा, सीएडी चौराहा, दादाबाड़ी और रामधाम होते हुए गोदावरी धाम पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। रैली के सबसे आगे भारतमाता का चित्र लगी हुई खुली जीप चल रही थी। जीप पर लगे डीजे पर हिंदू नववर्ष के स्वागत-अभिनंदन के गीत और ओजस्वी धार्मिक गीत बज रहे थे, जिससे पूरे मार्ग में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा।

रैली में शामिल सभी वाहनों पर भगवा पताकाएं लगी हुई थीं, वहीं माता-बहनों ने सिर पर केसरिया साफा धारण कर एक समान वेशभूषा में सहभागिता की। रैली में डीजे पर मुझे चढ़ गया भगवा रंग..., छम छम नाचे वीर हनुमाना..., भारत का बच्चा-बच्चा जय जय श्रीराम बोलेगा आदि भजन गूँजते रहे। वहीं भारतमाता की जय और जय जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान होती रही रैली। रैली के समापन कार्यक्रम पर मंचस्थ गोदावरी धाम के बाबा शेलेन्द्र भार्गव, श्रीकुलम शक्तिपीठ की महामंडलेश्वर मां नीति अंबा, समिति के अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल, मातृशक्ति रैली की संयोजिका रेणु मिश्रा और सह संयोजिका चेतना मोरवाल रहे। कार्यक्रम का संचालन वंदना मित्तल ने किया।

उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ कराया। समापन अवसर पर गोदावरी धाम के बाबा शलेन्द्र भार्गव नें कहा कि अपने नववर्ष को पूरे उत्साह और उल्लास से मनाएँ, अपने नववर्ष संवत के पंचांग से ही हमारे सारे तीज त्यौहार, शुभ मुहूर्त, यहाँ तक कि नामकरण तक हम अपने पंचांग से करते है तो अपना जन्मदिवस भी तिथि से मनाना प्रारंभ करें। महामंडलेश्वर नीति अंबाजी ने आशीर्वाचन प्रदान करते हुए कहा कि जो समाज संगठित होता है उसे दुनिया की कोई भी शक्ति पराजित नहीं कर सकती। शक्ति के आगमन से ही हमारा नववर्ष प्रारंभ होता है। समिति के अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल नें कोटा के इतिहास की सबसे बड़ी वाहन रैली सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। महामंत्री डाक्टर बाबूलाल भाट ने पंच दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी दी।

गोदावरी धाम समिति की ओर से इस अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया। रैली का आयोजन महानगर समिति की मातृशक्ति एवं वाहन रैली संयोजिका रेणु मिश्रा तथा सहसंयोजिका चेतना मोरवाल की अगुवाई में किया गया। आयोजन की टोली में रीना शुक्ला, श्वेता जैन, सोनम पुरोहित, सोनम गोयल, नीलप्रभा नाहर, वंदना मित्तल, गिरिजा सुमन, शशि मित्तल, स्वीटी शर्मा और रमा शर्मा शामिल रही। रैली व समापन कार्यक्रम में समाजसेवी सत्यनारायण यादव, समाजसेवी श्याम बिहारी नागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, महेश विजय, राजाराम कर्मयोगी, हेमंत विजय, किशन पाठक, अरविंद सिसोदिया, ललित शर्मा, चंद्रप्रकाश नागर, विकास पचोरिया, पवन सिंह, हुकुमत सिंह झाला, पवन भटनागर, पुरुषोत्तम दाधीच आदि प्रमुखता से रहे।

## अफोर्डेबल आवासीय योजना उम्मेदपुरा की लॉन्चिंग

**कोटा,** (निसं)। मुख्यमंत्री जन आवास योजनान्तर्गत कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा अफोर्डेबल आवासीय योजना उम्मेदपुरा की मंगलवार को केडीए परिसर में लॉन्चिंग की गई। इस आवास योजना में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के 544 एवं अल्प आय वर्ग (एलआईजी) के 288 जी प्लस थ्री फ्लेट्स बनाए जाएंगे। संभागीय आयुक्त एवं प्राधिकरण अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल ने योजना की पुस्तिका का विमोचन किया।

इस अवसर पर प्राधिकरण अध्यक्ष ने कहा कि कोई बेघर ना रहे, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के इस संकल्प को साकार करने की दिशा में केडीए द्वारा यह अफोर्डेबल आवासीय योजना लॉन्च की जा रही है। इससे कमजोर एवं अल्प आय वर्ग के लिए अपने घर का सपना साकार हो सकेगा। इन वर्गों को रियायती दर पर सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराना केडीए की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस योजना को एक मॉडल के रूप में सभी सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा। ताकि यहां रहने वाले सम्मानजनक जीवन बिता सकें। योजना को दो साल से पहले ही पूर्ण करने का प्रयास रहेगा। उन्होंने पीएनबी मण्डल प्रमुख को निर्देश दिए कि योजना के आवेदकों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराई जाएं।

प्राधिकरण आयुक्त ममता कुमारी तिवारी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष बिरला के संकल्प को प्राथमिकता देते हुए अफोर्डेबल आवासीय योजना लॉन्च की गई है। निकट भविष्य में भी इसी तरह की अन्य योजनाएं लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उम्मेदपुरा अफोर्डेबल आवासीय योजना राष्ट्रीय राजमार्ग-52 झालावाड़ रोड से लगभग 700 मीटर अंदर की ओर सुधा मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित है। उन्होंने बताया कि इडब्ल्यूएस के लिए आवास की अनुमानित कीमत 6.98 लाख तथा अल्प आय वर्ग के लिए आवास की कीमत 10.73 लाख रुपए है। नियमानुसार अनुदान एवं सब्सिडी की प्रक्रिया प्रस्तावित है। सचिव मुकेश चौधरी ने योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना में आवेदन पत्रों का विक्रय प्रारम्भ कर दिया गया है। जमा करने की अंतिम तिथि 16 अप्रेल 2026 रहेगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अन्तर्गत आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग के आवास पर 2.50 लाख के अनुदान एवं अल्प आय वर्ग के आवास के लिए 6.50 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी पर ऋण उपलब्ध कराने हेतु योजना केन्द्र सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित करना प्रस्तावित है। आवासों का आवंटन लॉटरी से किया जाएगा जिसमें राज्य सरकार के नियमानुसार विभिन्न वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। आवेदन पुस्तिका पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं पर उपलब्ध रहेंगे।

## एलन में जेईई व नीट के बैच की तिथियों की घोषणा

**कोटा,** (निसं)। बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब डॉक्टर और इंजीनियर के रूप में कॅरियर बनाने के लिए स्टूडेंट्स ने एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा व अन्य सेंटर्स पर आईआईटी-जेईई व नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए नए बैच के तिथियों की घोषणा हो चुकी है। बैच मार्च के अतिम सप्ताह में शुरू हो रहे हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि एलन की ओर से आगामी कई तिथियों में एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) का आयोजन स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। एसेट में शामिल होकर स्टूडेंट्स एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं।द्य मुख्यरूप से एलन कोटा में कक्षा 10 से 11 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन, जेईई-एडवांस्ड एवं नीट-यूजी के नर्चर बैच 25 मार्च व 2 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। कक्षा 11 से 12 में जाने वाले जेईई-मेन व जेईई-एडवांस्ड के लिए बैच 2 अप्रैल जबकि नीट-यूजी के लिए 3 अप्रैल व 23 अप्रैल को प्रारंभ होंगे। इसी प्रकार वहीं 12वीं उत्तीर्ण स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन व जेईई-एडवांस्ड के बैच 26 मार्च एवं 15 अप्रैल और नीट-यूजी के बैच 7 अप्रैल व 21 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। एलन के प्री-नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन डिवीजन (पीएनसीएफ) कक्षा 6 से 8वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए बैच 9 अप्रैल व 13 मई, कक्षा 9वीं के लिए 6 अप्रैल व 13 मई एवं कक्षा 10वीं के स्टूडेंट्स के लिए 2 अप्रैल व 13 मई से बैच प्रारंभ होंगे। ए-सेट के माध्यम से हर स्ट्रीम का स्टूडेंट स्वयं का असेसमेंट कर सकता है। यह पेपर साइंटिफिक, अकेडमिक व साइक्लोजिकल असेसमेंट के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें बेस सब्जेक्ट व आइक्यू के प्रश्न होते हैं। पेपर के सांइटिफिक असेसमेंट के आधार पर स्टूडेंट को एलन द्वारा स्कॉलरशिप ऑफर की जाती है। अधिक जानकारी एलन वेबसाइट से ली जा सकती है।

## नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुरेश पाण्डेय और डॉ. निपुण बागरेचा की पुस्तकों ने सुर्खियां बटोरी

- जयपुर सम्मेलन में कोटा के नेत्र विशेषज्ञों का परचम, डॉ. सुरेश पाण्डेय और डॉ. निपुण बागरेचा की 7 पुस्तकों का हुआ विमोचन
- देश-विदेश से पहुंचे 10 हजार से अधिक नेत्र रोग विशेषज्ञों के बीच कोटा की भागीदारी विशेष आकर्षण रही

**कोटा,** (निसं)। चिकित्सा सेवा के साथ ज्ञान-विस्तार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कोटा के नेत्र विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई।

84वां अखिल भारतीय नेत्र विज्ञान सम्मेलन के अंतर्गत ऑल इंडिया ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा जयपुर के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में 12 से 15 मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कोटा के सुवि आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने विशेषज्ञता और साहित्यिक सृजन का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

देश-विदेश से पहुंचे 10 हजार से अधिक नेत्र रोग विशेषज्ञों के बीच कोटा की भागीदारी विशेष आकर्षण रही। सम्मेलन का प्रमुख केंद्र बिंदु सुवि आई हॉस्पिटल, कोटा के निदेशक व वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय तथा रेटिना विशेषज्ञ डॉ. निपुण बागरेचा द्वारा लिखित सात महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन रहा। इन पुस्तकों का लोकार्पण प्रो. (डॉ.) जीवन सिंह टिटियाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर देश के ख्यातिप्राप्त नेत्र विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

साहित्यिक उपलब्धियों में डॉ. सुरेश पाण्डेय की चार पुस्तकें एन आई फॉर द स्काई, डायरी ऑफ एन आई सर्जन, जिंदगी का जश्न और एंटरप्रेन्योरशिप फॉर डॉक्टर्स विशेष चर्चा में रही। वहीं डॉ. निपुण बागरेचा की टाइम मैनेजमेंट फॉर डॉक्टर्स, हैंडबुक ऑफ एज रिलेटेड मैक्यूलर डिजनरेशन और वायरल रेटिनाइटिस का भी विमोचन किया गया। ये पुस्तकें चिकित्सा ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव का समन्वय प्रस्तुत करती हैं।

वैज्ञानिक सत्रों में डॉ. सुरेश पाण्डेय ने जटिल सर्जरी से जुड़े अनुभव साझा करते हुए कठिन मामलों में फेकोइमल्सीफिकेशन पर इंस्ट्रक्शन कोर्स संचालित किया। बच्चों के मोतियाबिंद उपचार में जेप्टो नैनो पल्स तकनीक के उपयोग पर भी विस्तृत मार्गदर्शन दिया। साथ ही, टैमसुलोसिन दवा लेने वाले मरीजों में सर्जरी के दौरान उत्पन्न होने वाली चुनौतियों और फ्लॉपी आइरिस सिंड्रोम से बचाव के उपायों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। पीडियाट्रिक ऑप्थल्मोलॉजी सत्र में निर्णायक की भूमिका निभाते हुए विशेषज्ञता का परिचय दिया। सम्मेलन में युवा चिकित्सकों के मार्गदर्शन पर भी विशेष जोर रहा। यंग ऑप्थल्मोलॉजिस्ट फेलोशिप प्रोग्राम के अंतर्गत दोनों चिकित्सकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पिछले पांच वर्षों में इनके निर्देशन में देशभर के 25 से अधिक युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों को सुवि आई हॉस्पिटल, कोटा में उन्नत सर्जिकल प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

## जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान युवा शक्ति दिवस-2026 के जयपुर में मंगलवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को कौशल उन्नयन प्रमाण-पत्र सौंपे। साथ ही, 485 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया और 403 स्टार्टअप्स को 11.45 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यहां सिआम ऑडिटोरियम में किया गया।

राजस्थान युवा शक्ति दिवस पर सिआम ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में आरकेसीएल, आरएसएलडीसी जैसी संस्थाओं से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा एवं जिला कलक्टर पीयूष समारिया द्वारा कौशल उन्नयन प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर आरकेसीएल कोटा से प्रशिक्षण प्राप्त 12 युवाओं, आरएसएलडीसी से कस्टमर केयर एक्जिक्यूटिव ट्रैनिंग एवं जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कोर्स की ट्रैनिंग पूरी कर चुके 14 युवाओं तथा आर-कैट से प्रशिक्षण प्राप्त 19 युवाओं को स्किल सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

इसके अलावा जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के माध्यम से मोनिका सिंह को बीआरयूपीवाय योजना में कृषि डेयरी उत्पादों के व्यापार के लिए 25 लाख रुपए के मार्जिन मनी अनुदान का चेक, सुनील मीणा को दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना में जिम सेंटर के लिए 4.45 लाख रुपये के मार्जिन मनी अनुदान, कृष्ण कुमार को बीआरयूपीवाय योजना में हार्डवेयर शॉप के लिए 2.5 लाख रुपए, दिनेश चौपदार को बीआरयूपीवाय योजना में फायर सेफ्टी कार्यों के लिए ढाई लाख रुपए के मार्जिन मनी अनुदान का चेक वितरित किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन वीरेन्द्र सिंह यादव, सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर, महा प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र हरिमोहन शर्मा, उप निदेशक रोजगार कार्यालय मनोज कुमार पाठक सहित जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विभिन्न संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त युवा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नीता डांगी ने किया।

## चैत्र नवरात्र कल से

**छबड़ा** (निसं)। चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिरों में तैयारियां तेज हो गई हैं। 19 मार्च से शुरू होने वाले नौ दिवसीय नवरात्र पर्व में श्रद्धालु माता रानी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। मंदिरों में साफ-सफाई, रंगरोगन और सजावट का कार्य किया जा रहा है, वहीं मंदिर समितियां भी नवरात्र के दौरान होने वाले धार्मिक आयोजनों की तैयारियों में जुट गई हैं। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्र का शुभारंभ होता है। इस वर्ष नवरात्र का आरंभ एक विशेष खगोलीय संयोग के साथ हो रहा है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक चैत्र नवरात्र पर अमावस्या का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो करीब 72 वर्षों बाद बन रहा है। इसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## भामाशाह मंडी में किसानों की समस्याओं पर चर्चा के दौरान हंगामा

- समाधान के बजाय बैठक छोड़कर निकले मंडी अध्यक्ष
- कब तक बदतमीजी सहन करता इसलिए बैठक छोड़कर आ गया : अध्यक्ष अविनाश राठी

**कोटा,** (निसं)। संभाग की सबसे बड़ी भामाशाह कृषि उपज मंडी में अव्यवस्थाओं और किसानों के शोषण को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। भारतीय किसान संघ की मांग पर जिला कलेक्टर के निर्देश पर एडीएम (प्रशासन) यादव की अध्यक्षता में मंडी समिति सभागार में यह महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई थी।

बैठक का मुख्य उद्देश्य भारतीय किसान संघ द्वारा उठाए गए ज्वलंत मुद्दों का समाधान करना था, लेकिन चर्चा के दौरान माहौल तब गरमा गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि मंडी अध्यक्ष और किसान प्रतिनिधियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। जिसके बाद अध्यक्ष राठी बैठक को बीच में ही छोड़कर चले गए। किसानों ने उनके इस व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की है। भारतीय किसान संघ ने मंडी प्रशासन पर व्यापारियों के दबाव में काम करने का आरोप लगाया है। वही मामले को लेकर मंडी अध्यक्ष अविनाश राठी का कहना है कि एक प्रतिनिधि बदतमीजी से पेश आ रहा था। उन्होंने ही समस्याओं के समाधान के लिए बैठक बुलाई थी लेकिन वह लोग बात नहीं करना चाहते थे। कब तक बदतमीजी सहन करता इसलिए बैठक छोड़कर आ गया। बताया जा रहा है कि बैठक में भारतीय किसान संघ और अन्य किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने मंडी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए।

संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा कलमंडा, प्रदेश महिला प्रमुख रमा शर्मा, जिला महामंत्री रूपनारायण यादव, प्रांत प्रचार प्रमुख आशीष मेहता, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी जैन, महानगर अध्यक्ष ब्रजराज नागर, धन्नालाल प्रजापत, कमलेश और बाबूलाल शर्मा ने पुरजोर तरीके से पक्ष रखा। साथ ही राष्ट्रीय किसान संघ के एडवोकेट जगदीश शर्मा और हाड़ौती किसान यूनियन के दशरथ शर्मा ने भी किसानों की पीड़ा साझा की। किसान नेताओं ने एडीएम के समक्ष साक्ष्य रखते हुए बताया कि मंडी में 700 रुपए प्रति बोरी की तुलाई के नाम पर प्रत्येक बोरी पर 200 से 300 ग्राम अतिरिक्त अनाज तौला जा रहा है। जो सीधे तौर पर किसानों की जेब पर डाका है। इसके अलावा, निर्धारित हम्माली और तुलाई राशि के अतिरिक्त व्यापारियों द्वारा महिला कर्मचारियों के नाम पर 2 रुपए प्रति बोरी की अवैध वसूली की जा रही है। जिसकी एंट्री गुप्त रूप से पर्ची के पीछे की जाती है।

इस दौरान चर्चा का एक प्रमुख बिंदु धर्मकांटों पर तुलाई की मांग रहा। किसान प्रतिनिधियों ने तर्क दिया कि वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक कांटों पर हो रही तुलाई के कारण बम्पर आवक के समय किसानों को दो से तीन दिन तक मंडी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे उन्हें वाहन के भारी भाड़े और अन्य खर्चों के कारण आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। राजस्थान सरकार की नीति का हवाला देते हुए मांग की गई कि किसानों की उपज की बोली उनके वाहनों पर ही लगाकर सीधे धर्मकांटे पर तुलाई करवाई जाए ताकि समय और धन की बचत हो सके।

इसी दौरान जब अवैध वसूली और धर्मकांटे के मुद्दे पर जवाब मांगा गया, तो मंडी अध्यक्ष अविनाश राठी किसानों पर ही भडक गए और समाधान देने के बजाय बहस करने लगे। वे मंडी में पुरानी पद्धति के अनुसार तीन टांग की घोड़ी लाने की बात करने लगे। राठी के वॉकआउट के बाद भी बैठक जारी रही। जिसमें मंडी सचिव मनोज मीणा, हमाल यूनियन और चढ़ारी यूनियन के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

इसके बाद भारतीय किसान संघ की ओर से दिए गए ज्ञापन में सुल्तानपुर कृषि उपज मंडी की बदहाली का मुद्दा भी उठाया गया है। किसानों ने कहा कि सचिव और सहायक कर्मचारियों की कमी के कारण बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी हो रही है और व्यापारी किसानों को 'कच्ची पर्ची' पर बिल बनाकर दे रहे हैं। जिससे सरकार को राजस्व की भारी हानि हो रही है। मंडी परिसर में बुनियादी सुविधाओं जैसे नालियों, शौचालय और मूत्रालय की सफाई न होने पर भी गहरा रोष व्यक्त किया गया।

बैठक में टीन शेड बढ़ाने, शेड से व्यापारियों के अतिक्रमण हटाने और समय रहते जिंस उठाव के व्यापक व्यवस्थाएं करने की बात भी कही। आगामी रबी सीजन की आवक को देखते हुए भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते धर्मकांटे पर तुलाई शुरू नहीं हुई और समर्थन मूल्य केंद्रों पर छाया, पानी व रोशनी जैसी व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की गई, तो प्रशासन की जिम्मेदारी पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

क्रमांक: LU2012/KOT/2025-26/101157 **लोक सूचना** दि.17.03.2026

श्री BHERULAL NAGAR पुत्र श्री PANNA LAL जाति NAGAR निवासी RAIPURA, BABU KIRANA KE SAMNE WALI GALI, KOTA श्री MAHAVEER PRASAD KUSHWAHA पुत्र श्री GAJANAND KUSHWAH जाति KUSHWAH निवासी GANESH MOHALLA DHAKADKHERI, KOTA श्री SURENDRA KUMAR YOGI पुत्र श्री RAMPAL YOGI जाति NATH (YOGI) निवासी VIVEKANAND NAGAR, KOTA ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धाकड़खेड़ी, लाडपुरा (कोटा) | (1.) BHERULAL S/O PANNA LAL | 1083/334 | 1600 | 0.16 |
| | | (2.) MAHAVEER PRASAD KUSHWAHA S/O GAJANAND KUSHWAH | 344 | 1400 | 0.14 |
| | | (3.) SURENDRA KUMAR YOGI S/O RAMPAL YOGI | 334 | 2500 | 0.25 |
| | | | | कुल | 0.55 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 17/03/2026 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**



**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

**जाहिर आम सूचना**

क्रमांक-3301 दिनांक-20.2.26

आवास संख्या 7-ई-1 महावीर नगर तृतीय, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री नंद किशोर शर्मा पुत्र श्री मांगीलाल को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री दीपराज सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह के नाम दिनांक 04.11.2006 को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री दीपराज सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक 06.11.2022 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती भगवती कँवर पत्नी स्व. श्री दीपराज सिंह एवं श्रीमती ज्योति सिंह पुत्री स्व. श्री दीपराज सिंह द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्सों का घोषणा पत्र आलेखित कर श्री प्रदीप सिंह पुत्र स्व. श्री दीपराज सिंह के पक्ष में करने की घोषणा की। श्री प्रदीप सिंह पुत्र स्व. श्री दीपराज सिंह द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 7-ई-1 महावीर नगर तृतीय, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं घोषणा पत्र के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं घोषणा पत्र के आधार पर श्री प्रदीप सिंह पुत्र स्व. श्री दीपराज सिंह के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यविरा को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्री प्रदीप सिंह पुत्र स्व. श्री दीपराज सिंह के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्री प्रदीप सिंह पुत्र स्व. श्री दीपराज सिंह के नाम कर दिया जावेगा।

**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**



प्रारुप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगरपालिका झालरापाटन जिला झालावाड (राज.)**

क्रमांक-न.पा.झा.पा./भू.रूपा./2026/4326 **लोक सूचना** दिनांक : 17.03.26

खातेदार श्रीमति सुगना बाई पुत्री काना निवासी जंगल रोड़ गिन्दौर तहसील झालरापाटन जिला झालावाड ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित कृषि भूमि से आवासीय योजना उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात्-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| तहसील झा.पाटन जिला झालावाड | गिन्दौर | 91 किता-1 | रकबा 1.7324 हैक्टर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक...... को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका झालरापाटन**



प्रारुप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगरपालिका झालरापाटन जिला झालावाड (राज.)**

क्रमांक-न.पा.झा.पा./भू.रूपा./2026/4323 **लोक सूचना** दिनांक : 17.03.26

खातेदार श्री मांगीलाल पुत्र श्री देवीलाल निवासी गाड़ा गांव नसीराबाद तहसील बकानी जिला झालावाड ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित कृषि भूमि से फार्म हाउस (एकल पट्टा) उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात्-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| तहसील झा.पाटन जिला झालावाड | रलायता | 235,236,243 किता-3 | रकबा 2.1343 हैक्टर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक...... को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका झालरापाटन**